एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हॉलिवुड में कदम रखने जा रही हैं नीतू चंद्रा, द वर्स्ट ड से करेगी डेब्यू

बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा हॉलीवुड में अपनी पारी की शुरुआत के लिए तैयार हैं. वह एक शॉर्ट फिल्म द वर्स्ट डे से हॉलीवुड में कदम रखेंगी. एक बयान के अनुसार, इस कॉमेडी फिल्म का लेखन और डायरेक्शन बुल्गारिया के फिल्मकार स्टानिस्लावा आईवी ने किया है. अपने किरदार के बारे में नीतू ने बताया, मेरे लिए 2019 की शुरुआत अद्भुत है. इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ कर मैं काफी एक्साइटेड हूं. उन्होंने कहा, मुझे इस अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिला. यह मेरा पहला निगेटिव किरदार है, वो जंगली है, दिलचस्प है, विलेन है. नीतू के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से उनमें काफी बदलाव आया है. यह प्रोजेक्ट उनके लिए काफी खास है.

इससे पहले नीतू अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ शॉर्ट फिल्म द प्लेबॉय मिस्टर साहनी के जरिए डिजिटल मीडिया में कदम रखने चुकी हैं. नीतू ने डिजिटल दुनिया में अपनी एंट्री को लेकर कहा था कि आने वाले समय में फीचर फिल्मों से ज्यादा बड़ी हो जाएगी. तारिक सिद्दीकी निर्देशित द प्लेबॉय मिस्टर साहनी में नीतू एक जानी पहचानी लेखिका माया का किरदार निभाया है.

नीतू चंद्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े सभी अपडेट्स नीतू सोशल मीडिया पर तस्वीरों के जरिए अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं.

भूमि पेडनेकर ने शेयर किया रियल शूटर दादियों का विडियो

ऐक्ट्रेस भूमि पेडनेकर और तापसी पन्नू इन दिनों अनुराग कश्यप की फिल्म सांड की आंख की शूटिंग कर रही हैं। यह फिल्म दो महिला शूटर, 87 साल की चंद्रो और 82 साल की प्राक्षी की कहानी पर बेस्ड है। दोनों ऐक्ट्रेस अब तक फिल्म के सेट से अपनी कई तस्वीरें शेयर कर चुकी हैं। अब भूमि ने रियल शूटर दादियों का एक विडियो शेयर किया है।

भूमि पेडनेकर ने एक विडियो शेयर किया है जिसमें प्राक्षी और चंद्रो ने अपना अनुभव शेयर किया है। दोनों ने बताया कि कैसे उन्होंने शूटिंग की। शुरुआत की। इसके बाद गांव में उनका मजाक उड़ाया जाने लगा लेकिन उन्होंने अपना शौक नहीं छोड़ा। आखिरकार जब उन्हें शूटिंग में पहला मेडल मिला तब लोग उनकी मिसाल देने लगे। बता दें कि सांड की आंख अनुराग कश्यप प्रड्यूस कर रहे हैं। पहले इस फिल्म का नाम वुमनिया था। टाइटल विवाद के कारण फिल्म का नाम बदलकर सांड की आंख रख दिया गया।

मौनी रॉय ने एक बार फिर कराया हॉट फोटोशूट, सोशल मीडिया पर वायरल

छोटे परदे से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली खूबसूरत आदाकार मौनी रॉय ने एक बार से अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ हॉट तस्वीरें शेयर कर फैंस का अटेंशन ग्रैब कर लिया है. मौनी उनकी एक्टिंग के साथ-साथ सोशल लाइफ की वजह से भी काफी चर्चाओं में रहती हैं. मौनी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मौनी मे ट्यूब ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो अपनी हॉट अदाओं का जादू चलाती दिखाई दे रही हैं. मौनी ने कलर्स के शो नागिन में काम किया था जो की उनके करियर का सबसे बड़ा हिट टीवी शो था. इसके बाद उन्होंने अक्षय कुमार के साथ फिल्म गोल्ड से बॉलीवुड में डेब्यू किया. हाल ही में मौनी जॉन अब्राहम के साथ उनकी फिल्म आरएडब्ल्यू में दिखाई दी थीं.

दे दे प्यार दे सिर्फ रोमांटिक-कॉमिडी नहीं है: तब्बू

नैशनल अवॉर्ड विनिंग ऐक्ट्रेस तब्बू ने कहा है कि उनकी आने वाली फिल्म दे दे प्यार दे सिर्फ रोमांटिक-कॉमिडी नहीं है बल्कि ह्यूमन नेचर से रिलेटेड सीरियस मुद्दों पर बात करती है।

तब्बू ने कहा, मैंने पहले ऐसा रोल नहीं किया है तो यह मेरे लिए काफी एक्साइटिंग था। फिल्म एक अनयूजअल स्टोरी लाइन पर है जो कि इंट्रेस्टिंग और यूनीक रिलेशनशिप पर हल्के अंदाज में बात करती है। यही वजह थी कि मैंने इसके लिए हां किया।

ऐक्ट्रेस ने आगे कहा, यह सिर्फ रोमांटिक-कॉमिडी नहीं है। इसे बेहद मजेदार अंदाज में नरेट किया गया है लेकिन यह जरूरी और सीरियस मुद्दे पर भी बात करती है। फिल्म रिलेशनशिप की जटिलताओं को हाइलाइट करती है जो लोग एक-दूसरे से शेयर करते हैं।

तब्बू ने कहा, फिल्म इस बारे में बात करती है कि कैसे अलग-अलग उम्र के लोगों का जीवन के प्रति अप्रोच होता है। स्टोरी उन लोगों से बहुत रिलेट करती है जो अपनी रोज की जिंदगी में ऐसी सिचुएशन का सामना करते हैं।